नेशनल हेराल्ड मामले में सियासी तकरार बढ़ी

अब तक ईडी ने मुझे क्यों नहीं बुलाया: प्रियंका

वार

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने परिवार के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

प्रियंका ने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक फायदे के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। 'एक देश एक चुनाव' पर हुई संयुक्त संसदीय समिति की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रियंका गांधी ने नेशनल हेराल्ड और पति रॉबर्ट वाड्रा से ईडी की पूछताछ पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आश्चर्य जताते हुए कहा कि ईडी ने अभी तक उन्हें क्यों नहीं बुलाया है।

ईडी की कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध : इधर, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने भी 'नेशनल हेराल्ड' से जुड़े मामले में सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ ईडी के आरोपपत्र को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की।

सरकार के राजनीतिक उद्देश्य से जनता वाकिफ

प्रियंका ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह ईडी के सामने पेश होने को तैयार हैं। आमंत्रण का इंतजार कर रही हैं। बोलीं- मां सोनिया गांधी, भाई राहुल और पति रॉबर्ट वाड्रा ने ईडी के साथ पूरा सहयोग किया है। जनता ईडी की कार्रवाई के पीछे सरकार के राजनीतिक मकसद से वाकिफ है।

तिवारी ने मंगलवार को कहा, इतिहास गवाह है कि राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से की गई कार्रवाई से कुछ हासिल नहीं होता। अपने संसदीय क्षेत्र चंडीगढ़ में पंजाब कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से चर्चा में उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा कांग्रेस नेताओं को धनशोधन में शामिल बताकर उनकी पार्टी की छवि खराब करने की कोशिश कर रही है। बता दें, ईडी ने हाल ही में नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया, राहुल और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। उसमें इन नेताओं पर 988 करोड़ रुपये के धनशोधन का आरोप लगाया गया है। तिवारी ने दावा किया, पार्टी की ओर से एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड को दिया गया 90 करोड़ का ऋण नेशनल हेराल्ड को बचाने के लिए था, क्योंकि यह अखबार आजादी के आंदोलन का प्रतीक था।

भाजपा तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही : कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को रायपुर में कहा, भाजपा अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए नेशनल हेराल्ड केस में तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है। उन्होंने कहा, गांधी परिवार के खिलाफ ईडी द्वारा दाखिल आरोप पत्र विशुद्ध राजनीतिक षड्यंत्र है।

राहुल मामले से ध्यान भटका रहे: भाजपा

पलटवार

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। भाजपा ने भारत निर्वाचन आयोग पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी की आलोचना करते हुए इसे नेशनल हेराल्ड मामले से ध्यान भटकाने का प्रयास करार दिया है।

भाजपा प्रवक्ता नलिन कोहली ने गांधी परिवार पर इस मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का रिकॉर्ड बेदाग है, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कई लोग चुनाव जीते हैं।

नलिन कोहली ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गांधी परिवार ने नेशनल हेराल्ड मामले पर पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है, जबकि दूसरी ओर पी. चिदंबरम जैसे वरिष्ठ कांग्रेस नेता बचाव में दलीलें पेश करने में जुटे हैं। कोहली ने कहा कि विदेशी धरती पर भारत के चुनाव आयोग व लोकतांत्रिक ढांचे पर



- गांधी परिवार पर इस मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया
- कहा, आयोग का रिकॉर्ड बेदाग, राहुल और प्रियंका गांधी भी चुनाव जीते

निशाना साधने वाले राहुल गांधी की टिप्पणी से स्पष्ट संकेत मिलता है कि कांग्रेस पार्टी नेशनल हेराल्ड मामले से ध्यान हटाने के लिए भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रही है। उन्होंने कहा कि यह बिडंबना है कि कांग्रेस जहां भारत को आजादी दिलाने का दावा करती है, वहीं राहुल गांधी विदेशी धरती पर भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाते हैं।

कांग्रेस को सफाई देनी ही होगी: भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि निजी और राजनीतिक लाभ के लिए भारत की संवैधानिक संस्थाओं के बारे में बयानबाजी करने से नेशनल हेराल्ड मामले से ध्यान भटकने वाला नहीं है। कांग्रेस की फर्जी प्रविष्टियों, अग्रिम किराये और संदिग्ध दान जैसे गंभीर आरोपों पर सफाई देनी ही होगी।

चुनाव आयोग का रिकॉर्ड बेदाग: कोहली ने कहा कि चुनाव आयोग का रिकॉर्ड बेदाग है और राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कई लोग चुनाव जीते हैं। बता दें, राहुल ने बीते रविवार को अमेरिका में एक कार्यक्रम में आयोग पर समझौता कर लेने का आरोप लगाया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत के आंकड़ों का हवाला देते हुए निर्वाचन आयोग पर हमला किया था, जिसे लेकर सत्तारूढ़ भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की थी।

Infinix
या तो यह एक बड़ा ऐड होता, या सेगमेंट का सबसे स्लिम कर्व्ड डिस्प्ले वाला फोन।
Introducing
NOTE 50s 5G+
सेल शुरू 24 अप्रैल से Flipkart पर

डॉ. रेड्डी अमेरिका से अपने उत्पाद वापस मंगाएगा

नई दिल्ली, एजेंसी। डॉ. रेड्डी लेबॉरेट्रीज व ल्यूपिन लेबलिंग व विनिर्माण संबंधी गलतियां होने से अमेरिका से अपने उत्पाद वापस मंगा रही हैं। यूएस फूड एंड ड्रग प्रशासन की प्रवर्तन रिपोर्ट में कहा गया है, हैदराबाद स्थित दवा कंपनी अमेरिकी बाजार से अपनी एंटीएपिलेप्टिक जेनेरिक दवा के कुछ बैच वापस मंगा रही है। इनमें डॉ. रेड्डी लेबॉरेट्रीज के कुछ इंजेक्शन शामिल हैं जिनमें लेबलिंग से संबंधित त्रुटियां पाई गई हैं।

कार्यकर्ताओं में जोश भर रही कांग्रेस

रणनीति

■ सुहेल हामिद

- पिछले 11 वर्षों में पार्टी ने पहली बार एकजुट होकर आंदोलन किया
- एजेंसियों के दुरुपयोग पर विपक्ष का साथ मिला, संगठन भी सक्रिय हुआ

नई दिल्ली। नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट के बाद कांग्रेस आक्रामक है। पार्टी देश में प्रदर्शन कर सरकार को घेर रही है। इस मुद्दे के जरिए पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भर रही है।

पार्टी ने इस लड़ाई को एक राजनीति मौके में बदलने की कोशिश की है। हालांकि, वह अपने मकसद में कितनी सफल रही, यह कानूनी लड़ाई व इस मुद्दे पर जनता की धारणा पर निर्भर करेगा। यह सही है कि चार्जशीट में सीधे तौर पर कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का नाम आने के बाद पार्टी की कानूनी मुश्किलें बढ़ी हैं। लेकिन, पार्टी ने इसके खिलाफ पूरे देश में आंदोलन कर इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया है, उससे जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के मुद्दे पर विपक्षी दलों के बीच राजनीतिक एकजुटता बढ़ी है।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, वर्ष 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद कांग्रेस ने पहली बार इतने बड़े पैमाने पर देशव्यापी प्रदर्शन किया है। वर्ष 2025 को पार्टी 'संगठन सृजन' वर्ष के तौर पर मना रही है। ऐसे में इस प्रदर्शनों के जरिए पार्टी को एक हद तक संगठनात्मक मजबूती मिली है।

कांग्रेस नेशनल हेराल्ड को आजादी की लड़ाई से जोड़ते हुए सरकार की कार्रवाई को भारत के स्वतंत्रता संग्राम की विरासत पर हमला करार दे रही है। क्योंकि, नेशनल हेराल्ड को पंडित जवाहरलाल नेहरू ने शुरू किया था। रणनीतिकार मानते हैं, यह लड़ाई कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। नेशनल हेराल्ड मामले में पार्टी राजनीतिक सहानुभूति हासिल करने में कितनी सफल रहती है, यह कानूनी लड़ाई पर निर्भर है। कानूनी तौर पर कांग्रेस को झटका लगता है तो इस पूरी कवायद का खास फायदा नहीं होगा।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने ट्रंप प्रशासन पर मुकदमा ठोका

बोस्टन, एजेंसी। अमेरिका द्वारा हार्वर्ड विश्वविद्यालय को दिए जाने वाले अनुदान पर रोक के बाद विश्वविद्यालय ने ट्रंप प्रशासन पर मुकदमा ठोका है।

बोस्टन संघीय अदालत में दायर मुकदमे में कहा गया है कि ट्रंप सरकार ने यहूदी विरोधी चिंताओं और चिकित्सा, वैज्ञानिक, तकनीकी एवं अन्य शोध के बीच किसी भी तर्कसंगत संबंध की पहचान नहीं की है। व्हाइट हाउस ने कहा, अमेरिकी परिवारों से प्राप्त धन से अपने अत्यधिक वेतन वाले नौकरशाहों को समृद्ध बनाने वाली हार्वर्ड को दिए जाने वाले अनुदान को खत्म किया जा रहा है।

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भ : i) निविदा सूचना क्रमांक 107/2024–2025 दिनांक 25.03.2025
ii) निविदा संख्या 15255043 12.05.2025 को देय है।

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में विशेष शर्त को संशोधित किया गया है।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। एसएमएम/जी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1187/2025

पश्चिम रेलवे-राजकोट मण्डल

मवेशी बाड़ लगाने का कार्य

ई-निविदा सूचना संख्या: 04 वर्ष 2025-26 दिनांक 22/04/2025; कार्यालय का पता: मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), पश्चिम रेलवे, कोठी कंपाउंड, राजकोट, गुजरात - 360001 **वेबसाइट: www.ireps.gov.in (01) ई-निविदा सं. DRM-RJT-2025-26-E-05; कार्य का नाम:** राजकोट मंडल:- हड़मतिया-जामनगर सेक्शन के अंतर्गत वंदे भारत ट्रेन के संबंध में मवेशी बाड़ लगाने का कार्य । **अनुमानित लागत:** ₹ 36,87,13,023.19; **बयाना राशि:** ₹ 19,93,600.00; **निविदा खोलने की दिनांक एवं समय :** 16/05/2025, 15:00 बजे।

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly 010

हिन्दुस्तान FESTIVAL OF Cricket
Catch the game
खेलें हर रोज़ और पाएं मौका बाइक व फ्री होटल स्टे जीतने का!
Q. सूर्यकुमार यादव मौजूदा प्रीमियर लीग में किस टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं?

खेलने के लिए स्कैन करें
*T&C Apply

बेल्जियम की अदालत से मेहुल को झटका

ब्रुसेल,एजेंसी। बेल्जियम की एक अदालत से मेहुल चोकसी को झटका लगा है। कोर्ट ने 13,500 करोड़ के पीएनबी ऋण धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी चोकसी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

तीन न्यायाधीशों की पीठ ने मंगलवार को दलीलों की समीक्षा करने के बाद यह फैसला सुनाया। भारतीय अधिकारियों के अनुरोध पर पिछले हफ्ते चोकसी बेल्जियम के एंटवर्प शहर में गिरफ्तार किया गया था, वह वहां नवंबर 2023 से एफरेजिडेंसी कार्ड के जरिए रह रहा था।

चोकसी की लीगल टीम ने जमानत के लिए मेडिकल ग्राउंड का हवाला दिया व दावा किया कि वह कैंसर का इलाज करवा रहा है। उसके वकील विजय अग्रवाल ने कहा, उसे भारत प्रत्यर्पित किया गया तो वहां की जेलों की 'अमानवीय परिस्थितियों' में रहना उसके लिए खतरे से खाली नहीं होगा। हालांकि, कोर्ट ने इन दलीलों को खारिज कर दिया।

चुनाव आयोग ने राहुल के आरोपों को नकारा

नई दिल्ली, वि.सं.। चुनाव आयोग के सूत्रों ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के उन आरोपों को नकारा है, जिनमें उन्होंने कहा था महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान अंतिम दो घंटों में असामान्य वोटिंग हुई।

आयोग के सूत्रों ने मंगलवार को कहा, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने मतदान के दौरान या उसके बाद ऐसा कोई विषय आयोग के समक्ष नहीं उठाया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल ने 20 अप्रैल को अमेरिका के बोस्टन में एक संवाद कार्यक्रम में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का हवाला देते हुए भारत की चुनावी प्रक्रिया पर एक बार फिर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने दावा किया था, भारत की चुनाव प्रणाली में कुछ न कुछ गड़बड़ है।

आयोग सूत्रों ने रेखांकित किया कि सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान केंद्रों पर पहुंचने वाले 6,40,87,588 (6.40 करोड़) मतदाताओं ने महाराष्ट्र चुनाव में मतदान किया। औसतन प्रति घंटे करीब 58 लाख वोट डाले गए। दो घंटों में करीब 1.16 करोड़ लोगों ने मतदान किया होगा।

हरप्रीत विदेशी आतंकी गिरोह से जुड़ा: पटेल

न्यूयॉर्क, एजेंसी। अमेरिका में पकड़े गए आतंकी हरप्रीत सिंह को लेकर अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने कहा है कि हमें संदेह है कि वह विदेशी आतंकी गिरोह का हिस्सा है।

एफबीआई के निदेशक काश पटेल ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा, हम आश्वासन देते हैं कि न्याय होगा। भारतीय मूल के काश पटेल ने कहा, आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया अमेरिका में अवैध रूप से गतिविधियां चला रहे एक विदेशी आतंकवादी गिरोह से जुड़ा है। हमें लगता है, भारत और अमेरिका दोनों में पुलिस थानों पर कई हमलों की साजिश रचने में शामिल था।

भारत में था पांच लाख का इनाम : हरप्रीत पर भारत में एनआईए ने पांच लाख का इनाम घोषित कर रखा था। उसे बीते 18 अप्रैल को अमेरिका में हिरासत में लिया गया। वह पंजाब के अमृतसर में अजनाला तहसील का मूल निवासी है। वह चंडीगढ़ के एक घर पर किए गए हैंड ग्रेनेड हमले के सिलसिले में एक अक्तूबर 2024 को दर्ज मामले में फरार है। उस पर आईएसआई के साथ सहयोग करने का आरोप है।

HCL TECHNOLOGIES LIMITED

Corporate Identity Number : L74140DL1991PLC046369
Registered Office : 806, Siddharth, 96 Nehru Place, New Delhi, 110 019
Corporate Office : Plot No. 3A, Sector 126, Noida 201 304, U.P., India
Website: www.hcltech.com; Telephone: +91 11 26436336; Fax no: +91 120 4680330

Extract of Consolidated Financial Results of HCL Technologies Limited as per Ind AS: (₹ in crores)

Particulars	Three months ended		Year ended	
	31 March 2025 (Audited)	31 March 2024 (Audited)	31 March 2025 (Audited)	31 March 2024 (Audited)
Total income from operations	30,246	28,499	1,17,055	1,09,913
Net profit for the period before tax, exceptional and/or extraordinary items	5,735	5,269	23,261	20,967
Net profit for the period before tax	5,735	5,269	23,261	20,967
Net profit for the period after tax	4,309	3,995	17,399	15,710
Net profit for the period after tax and non-controlling interest	4,307	3,986	17,390	15,702
Total comprehensive income for the period (comprising profit for the period after tax and non-controlling interest and other comprehensive income after tax)	4,898	3,917	18,094	16,557
Equity share capital (par value ₹ 2 each)	543	543	543	543
Other equity#	69,112	67,720	69,112	67,720
Earnings per equity share (of ₹ 2 /- each) (for continuing and discontinued operations) (₹)				
Basic (in ₹)	15.90	14.72	64.16	57.99
Diluted (in ₹)	15.88	14.69	64.09	57.86

Balances for three months and year ended 31 March 2025, represent balances as per the audited consolidated balance sheet for the year ended 31 March 2025 and balances for three months and year ended 31 March 2024, represent balances as per the audited consolidated balance sheet for the year ended 31 March 2024, as required by Securities and Exchange Board of India {Listing Obligation and Disclosure Requirements} Regulations, 2015.

Extract of Standalone Financial Results of HCL Technologies Limited as per Ind AS: (₹ in crores)

Particulars	Three months ended		Year ended	
	31 March 2025 (Audited)	31 March 2024 (Audited)	31 March 2025 (Audited)	31 March 2024 (Audited)
Total income from operations	13,432	12,077	51,105	48,118
Net profit for the period before tax, exceptional and/or extraordinary items	4,077	3,706	16,474	15,456
Net profit for the period before tax	4,077	3,706	16,474	15,456
Net profit for the period after tax	3,045	2,763	12,266	11,674
Total comprehensive income for the period (comprising profit for the period after tax and other comprehensive income after tax)	3,220	3,074	12,185	12,113
Equity share capital (par value ₹ 2 each)	543	543	543	543
Other equity#	34,397	38,927	34,397	38,927
Earnings per equity share (of ₹ 2 /- each) (for continuing and discontinued operations) (₹)				
Basic (in ₹)	11.24	10.20	45.25	43.11
Diluted (in ₹)	11.23	10.18	45.21	43.02

Balances for three months and year ended 31 March 2025, represent balances as per the audited standalone balance sheet for the year ended 31 March 2025 and balances for three months and year ended 31 March 2024, represent balances as per the audited standalone balance sheet for the year ended 31 March 2024, as required by Securities and Exchange Board of India {Listing Obligation and Disclosure Requirements} Regulations, 2015.

Notes :

1. The consolidated and the standalone financial results for the three months and year ended 31 March 2025 were reviewed by the Audit Committee and have been approved and taken on record by the Board of Directors at its meeting held on 22 April 2025. The statutory auditors have issued unmodified audit report on these results.
2. The Board of Directors at its meeting held on 22 April 2025 has declared an interim dividend of ₹ 18 per share.
3. Financial results for all the periods presented have been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (as amended from time to time) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
4. The figures of the last quarter are the balancing figures between audited figures in respect of the full financial year up to 31 March 2025 and the unaudited published year-to-date figures up to 31 December 2024 being the date of the end of the third quarter of the financial year which were subjected to a limited review.
5. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the quarterly/annual financial results are available on the websites of the Stock Exchanges, www.nseindia.com, www.bseindia.com, and on the Company's website, www.hcltech.com, and these can also be accessed through the QR code given below

By the order of the Board of Directors for HCL Technologies Limited

Roshni Nadar Malhotra
Chairperson
DIN - 02346621

C. Vijayakumar
Chief Executive Officer and Managing Director
DIN - 09244485

Shiv Walia
Chief Financial Officer

Noida (UP), India
22 April 2025

HCL

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
YEIDA FUTURE IS HERE
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सैक्टर–ओमेगा–1 (पी–2), ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर–201308 (उ०प्र०)
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट: www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक : वाई.ई.ए./भूलेख/158/2025 दिनांक : 21.04.2025

सार्वजनिक सूचना

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम तकीपुर बांगर, चकजलालाबाद व कुरैब के सै0–22ई में आने वाले 120 मी० चौड़ी सड़क व सै0–24ए व सै – 32 के अन्तर्गत आने वाली भूमि का सुनियोजित विकास हेतु सम्बन्धित कृषको द्वारा दी गयी सहमति की दर रू0 3808/– प्रतिवर्ग मी0 से यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण की 84वीं बोर्ड बैठक दिनांक 28.03.2025 के मद संख्या 03 के क्रम में जारी कार्यालय आदेश संख्या वाई०ई०ए०/भूलेख/222/2025 दिनाक 08.04.2025 में तय प्रक्रियानुसार निम्नानुसार क्रय किया जाना प्रस्तावित है:–

ग्राम तकीपुर बांगर, चकजलालाबाद व कुरैब सैक्टर– 22ई व सै०–24ए व सै०–32 के, भूखण्ड संख्या 1बी, 2, 3, 4, 5, 6 पार्क, 45 मी० रोड, 30 मी० रोड के अन्तर्गत

क्र. सं.	सै./ग्राम का नाम	खाता संख्या	खसरा संख्या	खसरे का कुल क्षेत्रफल (हे.में)	खातेदार का नाम व पता	तहसील से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर काश्तकार का हिस्सा (हे.में)	काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (हे.में)
1.	तकीपुर बांगर	316 214	243म 245म	0.5030 0.1770	विकाश सोंलकी पुत्र लक्ष्मीराज सिंह नि० मौ० राजपूतान कस्बा रबूपुरा	1/2 सम्पूर्ण	0.2515 0.1770 0.4285
2.	तकीपुर बांगर	320	51 52 56	0.2500 0.9480 0.5690	नानकचन्द पुत्र मान सिंह नि० चकजलालाबाद	1/4 1/4 1/4	0.0625 0.2370 0.1422 0.4417
3.	तकीपुर बांगर	320	51 52 56	0.2500 0.9480 0.5690	चन्द्रवती पत्नी श्रीचन्द व डिम्पल सिंह पुत्र श्रीचन्द नि० चकजलालाबाद	1/4 1/4 1/4	0.0625 0.2370 0.1422 0.4417
4.	तकीपुर बांगर	320	51 52 56	0.2500 0.9480 0.5690	प्रेमचन्द पुत्र मान सिंह नि० चकजलालाबाद	1/4 1/4 1/4	0.0625 0.2370 0.1423 0.4418
5.	तकीपुर बांगर	181	31म	0.2530	राकेश पुत्र हरीशचन्द नि० चकजलालाबाद	सम्पूर्ण	0.2530
6.	तकीपुर बांगर	313	60	1.1190	राकेश पुत्र ज्ञान सिंह नि० मौहम्दाबाद खेडा	में से	0.0993
7.	तकीपुर बांगर	289	325	0.4620	सन्तोष पुत्र भूदर नि० मौहम्दाबाद खेडा	सम्पूर्ण	0.4620
8.	तकीपुर बांगर	72	140	2.6840	श्रीमती रीता राय पत्नी राजेन्द्र प्रसाद राय नि० ई 118, बीटा I, ग्रेटर नोएडा	में से	0.3374
9.	तकीपुर बांगर	60	90	1.6560	नरेश पुत्र गुलाब नि० मौहम्दाबाद खेडा	1/4	0.4140
10.	तकीपुर बांगर	60	90	1.6560	गिर्राज पुत्र गुलाब नि० मौहम्दाबाद खेडा	1/4	0.4140
11.	तकीपुर बांगर	60	90	1.6560	वीरेन्द्र पुत्र गुलाब नि० मौहम्दाबाद खेडा	1/4	0.4140
12.	तकीपुर बांगर	60	90	1.6560	नरेश पुत्र गुलाब नि० मौहम्दाबाद खेडा	1/4	0.4140
13.	तकीपुर बांगर	60	90	1.6560	धीरज व हर्ष ना०वा० आयु क्रमशः 16 व 14 वर्ष पुत्रगण लेखराज संक्षक माता स्वंय सुमन पत्नी लेखराज नि० मौहम्दाबाद खेडा	1/4	0.4140
14.	तकीपुर बांगर	160	305म	0.1180	अजय शर्मा व मुरलीधर शर्मा पुत्रगण मानकचन्द उर्फ मानिकचन्द व श्रीमती पुष्पा पत्नी मानकचन्द उर्फ मानिक चन्द नि० तकीपुर बांगर	सम्पूर्ण	0.1180
15.	चकजलालाबाद	79	84ब	1.0500	प्रेमचन्द पुत्र मान सिंह नि० चकजलालाबाद	1/12	0.0875
16.	चकजलालाबाद	79	84ब	1.0500	हरीशचन्द पुत्र मान सिंह नि० चकजलालाबाद	1/12	0.0875
17.	चकजलालाबाद	55	89म	0.6320	सुरेन्द्र सिंह पुत्र नेतराम नि० सलारपुर	में से	0.2530
18.	चकजलालाबाद	87	103/1	0.4050	कपूरी पत्नी कल्लूराम नि दिल्ली व नन्नी पत्नी विरमा नि० गालन्द गाजियाबाद व रूपवती पत्नी ज्ञानचन्द व राजवती पत्नी राजवीर नि० गालन्द गाजियाबाद	1/4	0.1012
19.	कुरैब	78	270	2.5930	हस्सर पुत्र शमसुद्धीन	में से	0.0788

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिन के अन्दर **अधोहस्ताक्षरी को** अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

डिप्टी कलेक्टर
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

महत्वपूर्ण सूचना: यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लान के अतिरिक्त प्लॉटिंग/हाउसिंग /कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीद–फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaeupresswayauthority.com देखें।